भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1960

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

एर्नाकुलम बाइपास परियोजना

1960. श्री हैबी ईडन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने एर्नाकुलम बाइपास परियोजना में तेजी लाने के लिए विशिष्ट उपायों की पहचान की है और उन्हें कार्यान्वित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि एर्नाकुलम बाइपास पर कार्य शुरू होने में अनिश्चितता की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने एर्नाकुलम बाइपास परियोजना की समग्र समय-सीमा पर उक्त विलंब के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ने, विशेषकर बाइपास निर्माण के प्रारंभिक बिंदु पर कोचीन अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन तक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और अंत में कुंडा नूर के पास घनी आबादी वाली बसावटों पर प्रभाव को कम करने के संबंध में, एर्नाकुलम बाइपास के संरेखण की कोई विस्तृत समीक्षा की है या करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एर्नाकुलम बाईपास परियोजना को शुरूआत में एनएच-544 पर अंगमाली से आरंभ करने और एनएच-66 पर नेट्टूर में समाप्त करने के लिए प्रस्तावित किया गया था।

परियोजना के संरेखण पर संरेखण मूल्यांकन समिति (एएसी) द्वारा विचार किया गया और कुछ संशोधनों की सलाह दी गई। कुडनूर सहित प्रमुख निर्मित क्षेत्रों को बचाते हुए संशोधित संरेखण (49.5 किमी) के प्रस्ताव पर विचार किया गया और जून, 2026 में एएसी द्वारा इसे अनुमोदित किया गया। इस बाईपास का संशोधित संरेखण कोच्चि हवाई अड्डे के निकट शुरू होता है और एनएच 66 पर अरूर-थुरवूर उत्थापित (एलिवेटेड) कॉरिडोर से जुड़ता है।

संरेखण को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसकी पूर्णता के बाद, यातायात सघनता, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और पीएम गति-शक्ति की प्राथमिकता के साथ तालमेल के आधार पर मूल्यांकन और अनुमोदन का कार्य शुरू किया जाएगा।

*****